संचालनालय उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण

6 वी मंजिल, विन्ध्याचल भवन,मध्य प्रदेश भोपाल,
ई-मेल nursaryhorticulture@gmail.com

क्रमांक/उ./नर्सरी-निर्देश/407/2023-24/ 6837 **भोपाल, दिनांक**...27.10.2023

प्रति,

संयुक्त संचालक उद्यान,
संभाग.................समस्त

विषय:- जिले में पदस्थ निपुण/दक्ष मालियों की जानकारी के संबंध में।

---00---

उपरोक्त विषय में विभाग की प्रमुख नर्सरियों पर मातृवृक्षों के रखरखाव अंतर्गत समय पर कटाई-छटाई, बंडिंग, ग्राफ्टिंग आदि कार्य सम्पादित किये जाते है। जिसके लिये निपुण एवं दक्ष मालियो की आवश्यकता होती है। इस हेतु आपके संभाग की विभिन्न नर्सरियों पर पदस्थ मालियों एवं स्थाईकर्मियों में से जो बडिंग/ग्राफ्टिंग कार्य में अधिक दक्ष है, ऐसे माली/स्थाईकर्मियों का एक दल गठित करें तथा जिले की नर्सरियों पर जब बडिंग/ग्राफ्टिंग करना हो तो उनसे सामूहिक रूप से यह कार्य संपन्न कराये। जिस माली/ स्थाईकर्मियों का सफल कार्य हो उसको प्रमाण पत्र वितरीत करें।

अत: उक्त कार्य हेतु माली/स्थाईकर्मियों का दल गठित कर अवगत करावे एवं उपलब्ध रूट स्टॉक से उपलब्ध पौध उत्पादन प्राप्त करें तथा नर्सरी कार्य में निपुण मालियों की जानकारी निर्धारित प्रारूप में तैयार कर जानकारी 30/10/2023 तक संचालनालय में प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

प्रारूप

क्र.	संभाग का नाम	जिले का नाम	कार्य में निपुण माली का नाम	वर्तमान पद स्थापना स्थल	कार्य अनुभव	शैक्षणिक योग्यता	मोबाइल न.	रिमार्क
1	2	3	4	5	6	7	8	9

उपरोक्त निर्देशों का पालन जिले में उपलब्ध आवंटन के अनुरूप किया जावे, इस हेतु प्रथक से आवंटन प्रदाय नहीं किया जावेगा।

संचालक
उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण
म.प्र. भोपाल

क्रमांक/उ./नर्सरी-निर्देश/407/2023-24/ 6838 **भोपाल, दिनांक**...27.10.2023

प्रतिलिपिः- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. अपर मुख्य सचिव, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
2. कलेक्टर जिला.......................समस्त।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत............समस्त।
4. संयुक्त संचालक उद्यान संभाग ....समस्त।

सहायक संचालक उद्यान
उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण
म.प्र. भोपाल